Te Tāhuhu o te Mātauranga
Ministry of Education

वर्ष 2 मैथ्स चैक (कक्षा 2 का गणित परीक्षण)

अभिभावकों और व्हानाउ (परिवारों) के लिए जानकारी

नमस्ते

2026 के चौथे सत्र से, स्कूल कक्षा 2 के गणित परीक्षण का उपयोग करेंगे। इससे उन्हें यह समझने में मदद मिलती है कि कक्षा 2 के अंत तक छात्र गणित में कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं।

वर्ष (कक्षा) 2 गणित परीक्षण क्या है?

यह परीक्षण कक्षा 2 के अंत में होने वाला एक संक्षिप्त आकलन है। यह मुख्य संख्या अवधारणाओं और कौशलों पर केंद्रित है।

आपका बच्चा 120 तक की संख्याओं के साथ काम करेगा, और साधारण जोड़, घटाने और भिन्न वाले प्रश्न हल करेगा।

ये योग्यता आपके बच्चे की गणित में भविष्य की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

परीक्षण से सम्बंधित वीडियो

मैथ्स चेक (गणित परीक्षण) के बारे में वीडियो देखें:

मेरा बच्चा क्या करेगा?

आपका बच्चा ये करेगा:

- शिक्षक के साथ व्यक्तिगत रूप से काम करेगा
- प्रत्यक्ष सामग्री और दृश्य सहायता का उपयोग करेगा
- कुछ संख्या-आधारित कार्य करेगा
- एक शांत और सहायक वातावरण में गणित का परीक्षण पूरा करेगा।

इस परीक्षण में आमतौर पर लगभग 15 मिनट लगते हैं।

यह परीक्षण पास या फेल होने के बारे में नहीं है। इसका उद्देश्य आपके बच्चे की सीखने की प्रक्रिया में सहयोग करना और उन्हें वर्ष 3 (तीसरी कक्षा) में जाने के लिए तैयार करना है।

यह महत्वपूर्ण क्यों है?

मैथ्स चेक (गणित का परीक्षण) शिक्षकों की निम्न बातों में मदद करता है:

- गणित में आपके बच्चे की योग्यता को समझने में
- उन क्षेत्रों की पहचान करने में जहां अतिरिक्त सहायता सहायक हो सकती है
- आपके बच्चे की सीखने की जरूरतों के अनुरूप शिक्षण योजना बनाने में।

यह परीक्षण हमें यह समझने में भी मदद करेगी कि बच्चों को गणित पढ़ाने में शिक्षा प्रणाली कितनी अच्छी तरह से काम कर रही है।

मुझे परिणाम कैसे पता चलेंगे?

आपके बच्चे के शिक्षक आपको आपके बच्चे की प्रगति के बारे में बताएंगे और आगे के सीखने के चरणों पर चर्चा करेंगे।

आपके बच्चे के शिक्षक इन परिणामों का उपयोग अन्य जानकारी के साथ करके गणित में आपके बच्चे की प्रगति का आकलन करने के लिए करेंगे।

आप मेरे बच्चे की जानकारी की सुरक्षा कैसे करते हैं?

एकत्रित की गई सभी जानकारी को गोपनीयता अधिनियम 2020 के तहत सुरक्षित और प्रबंधित किया जाता है।

एकत्र की गई जानकारी यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि यह परीक्षण सभी छात्रों के लिए अच्छी तरह से काम करे। आपके बच्चे की पहचान कभी नहीं की जाएगी।

मैं घर पर गणित सीखने में कैसे सहायता कर सकता/ सकती हूँ?

परीक्षण की तैयारी के लिए कोई विशेष तैयारी करने की जरूरत नहीं है। यह परीक्षण (चेक) उस गणित के बारे में है जो आपका बच्चा पहले से ही स्कूल में करता है।

हालांकि, आप रोज़मर्रा की ज़िंदगी में गणित सीखने में निम्नलिखित तरीकों से सहायता कर सकते हैं:

- एक साथ गिनती करना
- आपके आस-पास की संख्याओं के बारे में बात करके
- बोर्ड और कार्ड गेम खेल कर
- मात्राओं और आकारों की तुलना करके।

घर पर सीखने में सहायता करने के अन्य तरीकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर जाएं।

यदि आपके कोई प्रश्न हों तो कृपया अपने बच्चे के शिक्षक से बात करें।